**मा0 मुख्यमंत्री जी की समीक्ष बैठक**
**"1 घंटे का स्वच्छता के लिए श्रमदान करें"**
**संख्या- 5430 /नौ-5-2023-370सा/2022**

**प्रेषक,**

**कल्याण बनर्जी,**
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा मे,**

1- कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2- अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग/ग्राम्य विकास विभाग/आवास एवं शहरी नियोजन विभाग/माध्यमिक शिक्षा विभाग/बेसिक शिक्षा विभाग।
3- प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग/पर्यटन विभाग/संस्कृति विभाग/सूचना विभाग।

**नगर विकास अनुभाग-5** **लखनऊः दिनांक 28 सितम्बर, 2023**

**विषयः-** मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 29.09.2023 को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत 01 अक्टूबर, 2023 को "1 घंटे का स्वच्छता के लिए श्रमदान करें" कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किये जाने के संबंध में।

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक मा0 मंत्री, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र अ0शा0-2/3/2023-एसबीएम-4, दिनांक 27.09.2023 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें।

2- अवगत कराया जाना है कि स्वच्छ शहर और गांव बनाने हेतु सार्वजनिक कार्यों को प्रेरित करने के लिए, माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 01 अक्टूबर, 2023 को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान का आह्वान किया गया है, जो बापू जी के लिए उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर एक 'स्वच्छांजलि' होगी। इस स्वच्छता अभियान का मुख्य फोकस कूड़ा-करकट वाले संवेदनशील क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर वास्तविक रूप से सफाई गतिविधियां को करने पर होगा, ताकि उसके बाद गांव-शहर स्वच्छ दिखें।

3- उक्त कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 29.09.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे तक 05 कालीदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत 01 अक्टूबर, 2023 को "1 घंटे का स्वच्छता के लिए श्रमदान करें" विषयक कार्यक्रम पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

4- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया विषयगत कार्यक्रम हेतु आयोजित उक्त बैठक में संगत सूचनाओं सहित बैठक के निर्धारित समय से 10 मिनट पूर्व प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**संलग्नकःयथोक्त।**

भवदीय,
28.09.2023
**( कल्याण बनर्जी )**
संयुक्त सचिव

**संख्या एवं दिनांक, यथोपरि।**

**प्रतिलिपिः-**निम्नलिखित को इस आशय से प्रेषित कि वे माननीय/महोदय को उक्त आयोजित बैठक में प्रतिभाग किये जाने हेतु सूचित करने अथवा यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें :-

1- मुख्य स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, (मा0 उप मुख्यमंत्री जी), ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन
4- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, (मा0 उप मुख्यमंत्री जी) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
8- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।
9- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
10- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
11- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,
28.09.2023
**( कल्याण बनर्जी )**
संयुक्त सचिव

Akhileshwar Singh G.O.-2020-K.K.R.

हरदीप एस पुरी
HARDEEP S PURI

आवासन और शहरी कार्य मंत्री
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री
भारत सरकार
Minister of
Housing and Urban Affairs; and
Petroleum and Natural Gas
Government of India

अ.शा.पत्र सं.2/3/2023-एसबीएम-4

27 सितंबर, 2023

प्रिय श्री योगी आदित्यनाथ जी,

देश में अब तक की स्वच्छता यात्रा को प्रतिपादित करने वाले अभूतपूर्व जनआंदोलन के साथ, वर्ष 2021 में एसबीएम-2.0 की शुरूआत करके ऐतिहासिक स्वच्छ भारत मिशन में बड़ी प्रगति की परिकल्पना की गई है। अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन, सर्कुलर इकोनॉमी और अपशिष्ट से धन पर केंद्रित यह चरण माननीय प्रधान मंत्री के 'कचरा मुक्त भारत' के दृष्टिकोण के साथ विशेष रूप से रेखांकित किया गया है।

स्वच्छ शहर और गांव बनाने हेतु सार्वजनिक कार्यों को प्रेरित करने के लिए, माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा 1 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान का आहवान किया गया है, जो बापू जी के लिए उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर एक 'स्वच्छांजलि' होगी। इस स्वच्छता अभियान का मुख्य फोकस कूड़ा-करकट वाले संवेदनशील क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर वास्तविक रूप से सफाई गतिविधियां को करने पर होगा, ताकि उसके बाद गांव-शहर स्वच्छ दिखें।

इस संबंध में 16 सितंबर 23 को कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सभी मुख्य सचिवों/प्रशासकों के साथ बैठक की गयी थी। इसके बाद, सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों, शहरी स्थानीय निकायों और जिला प्रशासन के साथ राष्ट्रीय दलों के बीच लगातार बातचीत होती रही है। 1 अक्टूबर 23 को 'स्वच्छ भारत श्रमदान' के तौर-तरीके सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ भी साझा किए गए हैं। निजी क्षेत्र, सामुदायिक संगठनों, बाजार संघों, आरडब्ल्यूए, स्वैच्छिक निकायों आदि के सहयोग से जिला प्रशासन, स्थानीय निकाय और भारत सरकार के तहत विभिन्न संगठन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रमों की योजना बनाने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। अपने इलाके के सभी कार्यक्रमों को जन साधारण इस प्रयोजनार्थ विशेष रूप से तैयार किए गए पोर्टल http://swachtahatahiseva.com/ पर देख सकते हैं और अपनी पसंद के अनुसार इसमें सहभागिता कर सकते हैं।

मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया 1 अक्टूबर 2023 को समय सुबह 10 बजे अपनी सुविधानुसार स्थान चयन कर श्रमदान में भाग लें और सार्वजनिक सहभागिता के लिए विभिन्न संचार प्लेटफार्मों के माध्यम से अपील करें। राज्य मंत्रिपरिषद, विधायकों, महापौरों, सरपंचों और अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों से भी भाग लेने का भी अनुरोध किया जाए।

सादर,

आपका

(हरदीप एस पुरी)

श्री योगी आदित्यनाथ
माननीय मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश
लाल बहादुर शास्त्री भवन
लखनऊ-226001

Office:- Room No. 104-C, Nirman Bhawan, New Delhi-110011; Phone: 011-23061166, 23061162, 23062089 (Fax)

Scanned with CamScanner